Title: Need to ensure availability of Hepatitis A to D injections free of cost in Government Hospital. -- Laid.

डॉ0 जसवन्तसिंह यादव (अलवर):अध्यक्ष महोदय, हैपेटाइटिस ए-बी जैसी खतरनाक व जानलेवा बीमारी हमारे देश में निरन्तर बढ़ी जा रही है जबकि विश्व के दूसरे देशों में इस बीमारी का प्रकोप घट रहा है। हमारे भारतर्वा में लगभग 4.5 करोड़ व्यक्ति ऐसे हैं, जो इस बीमारी से पीडित हैं। इस बीमारी का इंजेक्शन खुले बाजार में ही उपलब्ध है, जिसे खरीद करके ही लगाया जा सकता है। यह इंजेक्शन पोलियो की तरह ही सभी सरकारी अस्पतालों, डिस्पेन्सिरियों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मुफ्त में लगने चाहिए। देश के ग्रामीण व गरीब लोग इस टीका को बाजार से खरीद कर नहीं लगवा सकते हैं, क्योंकि इसका खर्चा गरीब लोग नहीं उठा सकते हैं। अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि हैपेटाइटिस """"ए"""" """"बी""""""""सी""""""""डी"""" जैसे इंजेक्शन पोलियो की तर्ज पर देश के सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त में लगाने की शीघ्रातिशीघ्र व्यवस्था करने संबंधी ठोस व प्रभावी कार्यवाही की जाये।